5-JAN-JSP-BHOOMI-pg-1_Layout 1 1/5/2024 8:01 PM Page 1

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 6 जनवरी 2024
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 12.2 डिग्री
न्यूनतम 8.2 डिग्री

4
अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत, आधा दर्जन घायल



स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)
प्रवेश प्रारंभ करने का अंतिम अवसर
B.Ed D.Ed
नोट: शासकीय तथा अशासकीय टीचर जो जॉब में रहकर Part Time (Distance) B.Ed करने का सुनहरा अवसर
सम्पर्क : ज्ञानदीप एकेडमी अम्बिकापुर
पुराना बस स्टैण्ड के पास
मोबा.- 8839281593, 9174881569

## खबर संक्षेप

### विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने ली समीक्षा बैठक



**जशपुरनगर।** शुक्रवार को शासकीय उच्चत्तर माद्यमिक विद्यालय चराईडांड एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माद्यमिक विद्यालय पतराटोली में मिशन 40 डे के तहत सभी शिक्षकों की समीक्षा बैठक विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा ली गई। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मार्टिन खलखो एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार नायक ने मिशन 40 डे के तहत प्रतिदिन किए जाने वाली गतिविधि की जानकारी देते हुए की जा रही गतिविधियों की जानकारी ली गई। बैठक में 100 प्रतिशत परिणाम हेतु सभी शिक्षकों को निर्देश दिए । साथ ही 10वीं व 12वीं के छात्रों को बेहतर परिणाम लाने के लिए महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए गए। बैठक में अतिरिक्त कक्षा, उपचारात्मक कक्षा एवं संडे क्लास नियमित रूप से लेने का निर्देश दिया गया। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारों दुलदुला मार्टिन खलखो, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार नायक, प्राचार्य चराईडांड, पतराटोली, संकुल समन्वयक एवं सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### सिकलसेल परीक्षण के लिये लगाये जा रहे शिविर

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री द्वारा 01 जुलाई 2023 को सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन प्रारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत 0-40 वर्ष आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की सिकलसेल स्क्रीनिंग किया जा रहा है। जिले में 0-40 वर्ष आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों के सिकलसेल स्क्रीनिंग हेतु वृहद जांच अभियान चलाया जा रहा है। सिकलसेल जांच हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं हितग्राहियों के मोबिलाईजेशन के लिये पंचायत विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। शत प्रतिशत सिकलसेल परीक्षण कराने वाले ग्राम जामपानी, बरपानी, चांपाटोली के सरपंच को 28 दिसम्बर 2023 को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन तहत अब तक दो लाख अठारह हजार से अधिक लोगों का परीक्षण किया जा चुका है। प्रत्येक ग्राम, पारा, टोला में शिविर लगाकर तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा, पीएम जनमन शिविर में सिकलसेल परीक्षण किया जा रहा है।

### पटवारियों को मुख्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश

**जशपुरगनर।** राजस्व अभिलेखों के अद्यतीकरण,लोक सेवा गांरटी के तहत आम नागरिकों को सेवा प्रदाय किए जाने तथा शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर ने सभी तहसीलदार को आवश्यक निर्देश देते हुए हल्का पटवारियों के मुख्यालय में उपस्थिति अनिवार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिए हल्का पटवारियों के अतिरिक्त प्रभार का युक्तियुक्तकरण और हल्का पटवारी को अपने-अपने मुख्यालय में निवास करने के लिए कहा है। साथ ही समस्त आश्रित ग्राम एवं ग्राम पंचायत में साप्ताहिक मुख्यालय दिवस, हल्का में निवास का पता आदि विवरण का दिवाल लेखन व ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड में प्रदर्शन करे के निर्देश दिए हैं।

## नगर विकास की रूपरेखा तय करने पूर्व नपा उपाध्यक्ष ने ली बैठक

# नगर विकास के लिए बनेगा नया मास्टर प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- पार्षद,पार्टी कार्यकर्ताओं व शहरवासियों की बैठक

नगर विकास के लिए नए सिरे मास्टर प्लान तैयार होगा। इस मास्टर प्लान को तैयार करने के लिए नगरपालिका के पार्षद और भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता,शहर के सभी 20 वार्डो के वार्डवासियों से चर्चा कर,उनकी राय लेगें। नगरपालिका की पूर्व उपाध्यक्ष प्रिया सिंह जूदेव की पहल पर यह कार्य शुरू किया गया है। गुरूवार को शहर के टेलीफोन एक्सचेंज आफिस के पास स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में जूदेव ने इस पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में नगर पालिका के उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता के साथ पार्षद, पार्टी के पदाधिकारी व नगरवासी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रिया सिंह जूदेव ने कहा कि विधानसभा में पार्टी को जिले की तीनों सीटों में मिली जीत पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है। प्रदेश में भाजपा की सरकार गठित होने के बाद जनता की समस्याओं का निराकरण करना और नगर का विकास करना हम सब की जिम्मेदारी है। अगले पांच साल के दौरान स्वच्छ, सुंदर और विकसीत शहर बनाना हम सब का लक्ष्य होना चाहिए। बैठक में उन्होनें पार्षदों और पार्टी कार्यकर्ताओं से सुझाव रखने को कहा। पार्षद हिमांशु वर्मा, मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह और पूर्व पार्षद संतन भगत ने शहर में नया गौरव पथ निर्माण, जूदेव प्रतिमा स्थल का विस्तार और सौंदर्यीकरण, महाराजा चौक का सौंदर्यीकरण, सती उद्यान तालाब का जीर्णोद्वार करने का सुझाव रखा। वहीं, पार्षद विक्रांत सिंह ने तिवारी नहर को पुर्नजीवित करने का सुझाव रखा। उनका कहना था कि तिवारी नहर के पुर्नजीवित होने से, शहर के पारम्परिक जल स्त्रोत कुआं, तालाब को भी नया जीवन मिलेगा, जिससे जल संकट के समाधान में सहायता मिलेगी। बैठक में दिये गए सुझावों की प्रशंसा करते हुए, प्रिया सिंह जूदेव ने कहा कि नगर विकास की रूपरेखा तय करने में शहर की जनता की भी भागीदारी होनी चाहिए। इसके लिए हम सभी को शहरवासियों से चर्चा कर पूरी रूपरेखा तय कर विस्तार से कार्य योजना तैयार करना होगा। इस कार्ययोजना के आधार पर सरकार से बजट की मांग की जाएगी। नगर विकास की भावी रूपरेखा तय करने के लिए संयुक्त को आर्डिनेशन कमेटी गठित करने की सहमति बनी। इस समिति में नगरपालिका के पार्षदों के साथ भाजपा के पदाधिकारी और नगरवासियों को शामिल किया जाएगा। यह समिति नगर के सभी वार्डो में बैठक का आयोजन कर,समस्याओं का आंकलन करेगी और नगरवासियों से विकास के लिए सुझाव प्राप्त करेगी। सारे सुझाव व समस्याओं के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर, प्रदेश सरकार को भेजा जाएगा। बैठक में रूपेश सोनी, विक्रांत सिंह, संतोष सिंह, संतन भगत, हिमांशु वर्मा, अमन सिंह, नीतू गुप्ता, अंजेला खेस, मालती भगत, शैलेन्द्री यादव, ओमन आलोक टोपनो, सतीश वर्मा, फैजान खान उपस्थित थे।



बैठक में शामिल पार्षद व भाजपा कार्यकर्ता।



शिविर खोला जा रहा ग्रामीणों का खाता।

## पीएम जनमन योजना के तहत ग्रामों में लगा शिविर

- बनाया गया आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, खोला गया बैंक खाता


**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों में शिविर आयोजन का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को बगीचा, कुनकुरी और मनोरा क्षेत्र के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर के बसाहट व पंचायत में पहुंचकर शिविर आयोजित कर आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, सिकल सेल जांच सहित विभिन्न प्रकार के समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत होकर निराकरण किया गया। शिविर में अधिकारी द्वारा आमजनों को केंद्र शासन की योजना के संबंध में जानकारी देकर जागरुक एवं लाभ लेने प्रेरित किया गया। जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु प्रधानमंत्री जनमन ⏭शेष पेज 4 पर

## पत्थलगांव से कुनकुरी तक नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य प्रगति पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर कार्य में आई तेजी

पत्थलगांव से कुनकुरी के बीच निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में आवागमन करने वाले आमनागरिकों की समस्याएं शीघ्र दूर होगी। सड़क पर उन्हें हिचगोले खाते नहीं गुजरना पड़ेगा और न ही कहीं आने जाने में अपना कीमती समय बर्बाद करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश के पश्चात पत्थलगांव से कुनकुरी के बीच सड़कों के कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। मजदूरों की संख्या बढ़ाई गई है। सड़क निर्माण कार्य कराने वाली कंपनी को भी इस संबंध में कड़े निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश के पश्चात कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल सड़क के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर हर दिन के कार्यों की समीक्षा कर रह हैं। एनएच 43 के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि एनएच 43 जशपुर जिले अंतर्गत दो सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। अंबिकापुर पत्थलगांव सड़क निर्माण कार्य में बीटीआई चौक से प्रकाश स्कूल इंदिरा चौक तरफ एक लेन फोर लेन का कार्य कंक्रीटीकरण सड़क कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि 20 दिन के बाद खोल दिया जाएगा एवं दूसरी तरफ कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा और पत्थलगांव शहरी क्षेत्र में फोर लेन सड़क सड़क निर्माण होने से यातायात सुगम हो जाएगा। एनएच43 के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि पत्थलगांव से कुनकुरी सड़क मार्ग निर्माण कार्य में पुल पुलिया सहित सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। पत्थलगांव के शहरी क्षेत्र अंतर्गत पूरन तालाब से लेकर कॉलेज तक एक लेन फोर लेन सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिसे शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त बेलाघाट पर निर्माण कार्य किया जा रहा है।



## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन 15 तक

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी, जो आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) की पात्रता रखते हैं उनके लिए शिक्षा सत्र 2023-24 में छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के आवेदन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई ऑनलाईन की जा रही है। योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं को प्रस्ताव स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

## कलेक्टर ने पीएम योजना शिविर का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभान्वित करने के निर्देश

कलेक्टर ने पीएम योजना के तहत कुटमा पंचायत में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक अकाउंट, मातृ वंदना योजना सहित अन्य कार्यों का प्राथमिकता से सर्वे कर निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ. रवि मितल ने कहा कि पीव्हीटीजी बसाहटों में मूलभूत कार्यों आवास, बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थय, आजीविका आदि की शत प्रतिशत सुविधाएं मुहैया कराना है। साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में टीकाकरण, सुरक्षित प्रसव, आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क ईलाज, स्वच्छ पेयजल, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों एवं गर्भवती तथा शिशुवती महिलाओं को मिल रही सुविधाओं, आजीविका के साधन, वन अधिकार पट्टा, राशन जैसी सुविधाओं का भी लाभ पहुंचाया जाएगा। जिससे वे समाज की मुख्य धारा से जुड़ पाए। पिछड़ी जनजाति के वंचित सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड एवं जनधन बैंक खाता खुलवाने के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले स्थानों में शिविर लगाने की बात कही। साथ ही इन बसाहटों में शिविर लगाने एवं अन्य माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करने कहा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को पीएम जन मन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष प्लान करने के लिए कहा। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर ने कुटमा पंचायत में होने वाले मेगा इवेंट पीएम जनमन और विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों को पीएम जनमन योजना अंतर्गत शत प्रतिशत लाभान्वित करने संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए कार्यों एव दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की निर्देश दिए।



निरीक्षण करते कलेक्टर।

## तहसीलदार ने जुरतेला में पीएम आवास का किया निरीक्षण



मौके पर निरीक्षण करतीं तहसीलदार।

**जशपुरनगर।** तहसीलदार श्रीमती जयश्री राजन पाथे ने ग्राम जुरतेला पीएम आवास का निरीक्षण किया। उन्होंने पीएम आवास के अप्रारंभ व अपूर्ण आवास का अवलोकन कर हितग्राहियों से चर्चा की और आवास निर्माण के कार्य को तत्काल प्रारंभ कर समय सीमा में पूर्ण कराने की समझाइश दी। उन्होंने हितग्राहियों से मिलकर उनके आवास निर्माण के प्रगति के संबंध चर्चा की और रुके कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने तथा निर्माणाधीन शेष कार्य को निर्धारित समय पर पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## जिला प्रशासन का कौशल विकास कार्यक्रम

# अजमल प्रतिभागियों को सिखाएंगे फिल्म मेकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला प्रशासन जशपुर और भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की स्वायत्त संस्था भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे के सहयोग से 9 जनवरी से 13 जनवरी 2024 तक जिले के प्रतिभागियों के लिए निशुल्क एवं आवासीय स्मार्टफोन फिल्म मेकिंग कोर्स आयोजित कराया जा रहा है। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल और सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा के प्रयासों से फिल्म क्षेत्र में जिले के अभ्यर्थियों के लिए कौशल विकास का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

फिल्म संस्थान पुणे के कोर्स डायरेक्टर अजमल ज़ामी जिले के प्रतिभागियों को स्मार्टफोन से फिल्म मेकिंग करना सिखाएंगे। अजमल ज़ामी को दृश्य संचार, मोबाइल पत्रकारिता और फिल्म निर्माण में साढ़े तीन दशकों से अधिक का अनुभव है। वे अग्रणी विश्वविद्यालय और संस्थानों में इनकी कार्यशालाएं कर रहे हैं। इन्हें कई अवार्ड भी मिले हैं। श्री ज़ामी कैमरा के हेड ऑफ डिपार्टमेंट और NDTV चैनल में अग्रणी स्मार्टफोन मॉडल को लागू करने वाले कोर टीम के सदस्य रहे हैं। वर्ष 2018 से स्मार्टफोन फिल्म मेकिंग की कार्यशालाएं विभिन्न राज्यों में आयोजित कर रहे हैं। 9 जनवरी से प्रारंभ होने वाले इस कोर्स में प्रतिभागियों को स्मार्टफोन से फिल्म मेकिंग, शॉर्ट फिल्में बनाना, किसी घटना पर वीडियोग्राफी, सिनेमैटोग्राफी जैसी कलाई सिखाई जाएगी।



## जशपुर-हर्रापाठ-सन्ना डामरीकरण सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर-हर्रापाठ-सन्ना सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है और डामरीकरण कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जिले के रोड निर्माण की प्रगति बढ़ाने के निर्देश के पश्चात रोड निर्माण कार्य प्रगति में है। पीडब्ल्यूडी के उप अभियंता ने बताया कि जशपुर-सन्ना सड़क निर्माण अंतर्गत हर्रापाठ से सन्ना 10 किलोमीटर की सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है।

सड़क निर्माण के प्रारंभ होने से क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन में सुगम होगा। उन्होंने बताया कि डब्लूएमएम, डामरीकरण, बीसी कार्य, नाली निर्माण, गार्ड वॉल, रिटेनिंग वॉल कार्य प्रगति पर है। निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। क्षेत्र के लोगों को शीघ्र धूल मुक्त सड़क मिलेगा। डामरीकरण कार्य तेजी से चल रहा है। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने निरंतर सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा कर रहे हैं और गुणवत्ता युक्त कार्य करते हुए सड़क निर्माण कार्य को समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।



## वंचितों को मिल रहा विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से बढ़ी रही जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आम लोगों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करने और उन्हें उन योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले भर में जारी है।

यात्रा के तहत शहर से लेकर गांव-कस्बों में शिविर आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिले के कई ग्रामों में शिवर का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद पंचायत जशपुर के ग्राम पंचायत पंडरसिली, ग्राम सोनक्यारी, कुनकुरी के ग्राम पंचायत कलिबा, ग्राम रजौटी, बगीचा के ग्राम पंचायत लोरा, ग्राम भादू, विकासखंड कांसाबेल के ग्राम पंचायत कोरंगा, ग्राम कटंगखार सहित अन्य ग्राम पंचायत शामिल है। जहां लोगों को यात्रा का उद्देश्य व केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को तुरंत लाभ भी पहुंचाया गया। लोगों को बताया गया कि केंद्र सरकार जनजातीय, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विकसित भारत यात्रा का आयोजन कर रही है। शिविर के दौरान प्रचार वाहन के माध्यम से लोगों को उज्वला योजना, आयुष्मान भारत, सुकन्या योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को ड्रोन के जरिए खाद व कीटनाशक छिडक़ाव की विधि, कृषि कार्य में जैविक खाद एवं नैनो यूरिया का उपयोग करने को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान आमजनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलवाई गई। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने, योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। यात्रा के दौरान केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके पात्र लाभार्थी मेरी कहानी-मेरी जुबानी कार्यक्रम के तहत अन्य लोगों को अपनी सफलता की कहानी सुना रहे हैं और उन्हें प्रेरित कर रहे हैं। लाभार्थी स्वयं बता रहे हैं कि उन्होंने आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, चिरायु हरियाणा योजना, परिवार पहचान पत्र के माध्यम से ऑटोमैटिक पेंशन व राशन कार्ड इत्यादि योजनाओं का किस प्रकार लाभ उठाकर अपने जीवन को आसान बनाया है।



योजनाओं की जानकारी देते अधिकारी।

## वीर बुधु भगत जयंती मनाने विधायक से मिले उरांव समाज प्रमुख




उरांव समाज के लोग विधायक श्रीमती रायमुनी भगत से मुलाकात करते।

**जशपुरनगर।** उरांव समाज के जिले के सभी पदाधिकारी विधायक रायमुनी भगत से मुलाकात कर उरांव समाज की सामाजिक चर्चा की। साथ ही हिंदू उरांव समाज को एक सूत्र में पिरोने व एकता के लिए विधायक के समक्ष अपनी बात रखीं। उरांव समाज के जिले के सभी विकास खंड के पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित विधायक रायमुनी भगत को उनकी जीत की बधाई और शुभ कामनाएं दी एवम वीर बुधु भगत जयंती मनाने के लिए चर्चा कर आगे की रणनीति बनाई।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# विवादों में घिरे हॉलीवुड एक्टर चार्ली शीन पर घातक हमला




**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता चार्ली शीन घातक हमले का शिकार हो गए। 'टू एंड ए ऑफ मेन' स्टार चार्ली पर उनके लग्जरी मालिबू घर में घातक हथियार से हमला हुआ। हमला एक महिला ने किया, जो उनकी पड़ोसी बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर उस पर मारपीट और चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी महिला उनके घर में जबरन घुस गयी और एक्टर पर घातक हथियार से हमला कर दिया। हालांकि, इस हमले में एक्टर को ज्यादा चोट नहीं आई है और फिलहाल वो ठीक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरोपी इलेक्ट्रा श्रॉक (47) एक्टर चार्ली शीन की पड़ोसी है, जो जबरदस्ती उनके घर में घुस आई और एक्टर पर घातक हथियार से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपी महिला ने उनके कपड़े फाड़ दिए और उनका गला दबाने का भी प्रयास किया। सूचना मिलने के बाद मौके पर तुरंत पैरामेडिकल की टीम पहुंची और एक्टर की जांच और इलाज किया। बताया जा रहा है कि यह कोई पहली बार नहीं था जब उनका अपने पड़ोसी से विवाद हुआ हो। इससे पहले भी शीन की कार पर लिक्विड पदार्थ फेंकने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। फिलहाल इस मामले में पुलिस की जांच और कानूनी कार्रवाई जारी है। गौरतलब है कि 58 वर्षीय एक चार्ली शीन मशहूर एक्टर मार्टिन शीन के बेटे हैं।

जिनकी छवि हॉलीवुड में एक बैड बॉय की रही है। वह मादक पदार्थों के सेवन और एडल्ट अभिनेत्रियों के साथ अपने संबंधों को लेकर चर्चा में रह चुके हैं।

### टॉलीवुड

# सलार बनी दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई वाली तीसरी तेलुगु फिल्म



**हैदराबाद।** साल 2023 की आखिरी रिलीज 'सलार' नए साल में भी जबरदस्त धमाल मचा रही है। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म लगातार दो हफ्ते से ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। वहीं, अपनी रिलीज के साथ ही यह फिल्म एक के बाद कई नए रिकॉर्ड बनाते जा रही है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने 90 करोड़ के साथ सबसे बड़ी ओपनिंग ली और पहले ही दिन इतनी बड़ा कलेक्शन करने वाली देश की पहली फिल्म बनी। इसके अलावा दुनियाभर में इस फिल्म ने 170 करोड़ से अधिक का कलेक्शन किया। छुट्टियों का इस फिल्म को भरपूर फायदा मिला और महज 13 दिन में प्रभास स्टारर 'सलार' ने देश में 373.57 करोड़ की कमाई कर ली, जो तेजी से 400 करोड़ का आंकड़ा पार करने की ओर बढ़ रही है। शाहरुख खान स्टारर 'डंकी' से मुकाबला होने के बावजूद सलार थिएटर में जमी हुई है। प्रभास के साथ-साथ इस फिल्म पृथ्वीराज सुकुमारन, टीनू आनंद, जगपति बाबू और श्रिया रेड्डी भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। तेलुगु सिनेमा में यह फिल्म अच्छी कमाई कर रही है। अकेले हैदराबाद में इसके 425 शो चल रहे हैं। वहीं, दिल्ली-एनसीआर में सलार के 614 शो चल रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, 'सलार' ने अपने 13वें दिन की कमाई के साथ ही एक और रिकॉर्ड कायम कर लिया है। फिल्म ने दुनियाभर में 650 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है, 'बाहुबली 2' और 'आरआरआर' के बाद 'सलार' ये रिकॉर्ड बनाने वाली तीसरी तेलुगु फिल्म है। गौरतलब है कि 'आरआरआर' ने दुनियाभर में 1230 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की। वहीं, प्रभास स्टारर 'बाहुबली 2' ने 1788 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।

सलार सुपरस्टार प्रभास के लिए एक बड़ा कमबैक है।

### भोजपुरी

# इंद्र को रिझाने वाली सती माता की कहानी आई पर्दे पर



पौराणिक कथाओं में सती सावित्री और सत्यवान की कथा बहुत ही प्रचलित है। सती सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण की रक्षा यमराज से की थी। सती बिहुला की भी कहानी कुछ ऐसी ही हैं, जो स्वर्ग से अपने पति के प्राण को वापस लाती है। सती बिहुला के जीवन पर फिल्म 'सती बिहुला' का निर्माण हो रहा है, जिसकी शूटिंग इन दिन दिनों उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रही है। उत्तर प्रदेश और बिहार की लोक कथाओ में सती बिहुला की कहानी बहुत प्रचलित हैं। लोक कथाओ की मान्यताओं के अनुसार सती बिहुला लक्ष्मीपुर के राजा की बेटी थी। उनकी शादी हुई, वह अपने ससुराल नेवला, बिल्ली, गरुड़ के साथ पहुंचती है। लेकिन तमाम सावधानी के बावजूद एक तांत्रिक उनके पति लखंदर को सांप से डसवाने में कामयाब हो जाता है और लखंदर की मौत हो जाती है। ससुराल वाले बिहुला को अपशगुनी मानते हैं। बिहुला अपने पति का शव लेकर गंगा में कूद जाती है, जहां पर उसकी मुलाकात इंद्र के कपड़े धोने वाली एक महिला से होती है। वह साथ इंद्रलोक पहुंचती है। इंद्र के दरबार में वह नृत्य करती है, जिसे देखकर इंद्र बहुत खुश होते हैं। और, बिहुला से वरदान मांगने को कहते हैं। बिहुला अपने पति के जीवन के साथ साथ उसके भाइयों को जीवित करने का वरदान मांगती है, जिन्हें तांत्रिक ने उनके पति से पहले मार दिया था। सती बिहुला पर बन रही भोजपुरी फिल्म में सती बिहुला की शीर्षक भूमिका निभा रही अभिनेत्री पायस पंडित कहती हैं, 'लोक संस्कृति की अमर किरदार सती बिहुला के किरदार को निभाना मेरे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है। सती बिहुला की कहानी महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रमाण है। इससे पता चलता है कि चलता है कि महिलाएं हर युग में मजबूत रही हैं, लेकिन बस उसे अपनी शक्ति को पहचानने की जरूरत है। सबसे बड़ा प्रमाण सती सावित्री और सती बिहुला की कथा है। मेरी कोशिश है कि सती बिहुला की भूमिका को इमानदारी से निभाऊं।' फिल्म में सती बिहुला के पति लखंदर की भूमिका निभा रहे अभिनेता प्रिंस सिंह राजपूत कहते हैं, 'यह फिल्म महिलाओं के समर्पण की लोकगाथा पर आधारित फिल्म है। यह लोकगाथा अब अपनी जातीय सीमाओं से परे पूरे बिहार में पसंद की जाती है। यह कहानी सामाजिक व्यवस्था में महिलाओं के समर्पण और महत्व को रेखांकित करती है। इस फिल्म में लखंदर की भूमिका निभा कर बहुत ही उत्साहित हूं, उम्मीद करता हूं कि दर्शक मेरे इस किरदार को पसंद करेंगे।'

## लाइफ स्टाइल

### नताशा का जादुई सौंदर्य



अमेरिकी अभिनेत्री और मॉडल नताशा लियोन फिल्मों के अलावा रैम्प पर काफी सुर्खियां बटोरती रही हैं। स्लम्स ऑफ बेवर्ली हिल्स (1998) और बट आई एम ए चीयरलीडर (2000) जैसी कॉमेडी फिल्मों में अभिनय करने से पहले लियोन ने एक बाल कलाकार के रूप में अपना करियर शुरू किया था। लियोन अमेरिकन पाई (1999) और अमेरिकन पाई 2 (2001) में भी दिखाई दीं। लियोन को ऑरेंज इज़ द न्यू ब्लैक (2013-2019) में निकी निकोलस और रशियन डॉल (2019-) में नादिया वुल्वोकोव के रूप में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। लियोन को दोनों नेटफ्लिक्स श्रृंखलाओं में उनके प्रदर्शन के लिए प्राइमटाइम एमी नामांकन प्राप्त हुआ था।

# सर्दियों में अपना चेहरा धोने करें कुदरती पहल, मिलेगी दमकती त्वचा

सर्दी के मौसम में त्वचा के लिए तमाम तरह के प्रोडक्ट होते हैं, जो त्वचा का अच्छी तरह से ध्यान रखते हैं लेकिन इसके बाद भी बहुत से लोग घरेलू नुस्खों पर ज्यादा भरोसा करते हैं। शायद ही कोई ऐसा घर होगा, जहां आपको बेसन देखने को ना मिले। ऐसे मे आप आसानी से बेसन का इस्तेमाल करके अपनी त्वचा को दमका सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस बेसन के साथ गुलाब जल और दही को अच्छे से मिलाना है। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे और गर्दन पर 4 से 5 मिनट के लिए लगाएं और फिर चेहरे को साफ कर लें। इसके बाद आपकी त्वचा खिल उठेगी। सर्दियों में आपके स्किन की नमी कहीं खो जाती है। ऐसे में अगर आप शहद को अपने चेहरे पर लगा सकते



हैं। इसमें मौजूद तत्व आपके चेहरे को चमकाने का काम करेंगे। अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं तो सबसे पहले अपने चेहरे को हल्का सा गीला कर लें। इसके बाद थोड़ा सा शहद हाथ में लेकर अपने चेहरे पर लगाएं। कुछ देर इसे चेहरे की मसाज करने के बाद चेहरे को सादे पानी से धो लें। टमाटर सर्दियों के मौसम में काफी ज्यादा सस्ते मिल जाते हैं। ऐसे में आप चेहरा चमकाने के लिए आप टमाटर के रस का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें मौजूद तत्व आपकी काफी मदद करेंगे। अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहती हैं तो सबसे पहले टमाटर का रस निकालें और फिर इसे रुई की मदद से इसे चेहरे पर लगा लें। 5 से 7 मिनट के बाद आप चेहरे को धो सकते हैं।

# अपने बाल धोते वक्त न करें ये गलतियां

आज के समय में बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल और खराब खानपान की वजह से लोगों के साथ कई तरह की समस्याएं सामने आ रहीं हैं। वैसे तो बाल झड़ने की कई वजह हो सकती हैं, लेकिन इनमें सबसे अहम है गलत तरह से बालों का धोना। बालों को ज्यादा तेज गर्म पानी से धोना उन्हें डैमेज कर सकता है और सिर की मांसपेशियों को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में हमेशा बालों को ठंडे या गुनगुने पानी से धोना ज्यादा सही माना जाता है। अगर आप ज्यादा मात्रा में शैंपू का इस्तेमाल करेंगे तो इससे भी आपके बाल डैमेज हो सकते हैं। डैमेज होने के बाद बाल काफी ज्यादा मात्रा में टूटने लगते हैं। ऐसे में हमेशा अपने हेयर टाइप के हिसाब से ही शैंपू चुनें और उसका इस्तेमाल भी सही मात्रा में करें। बाल बेहद नाजुक होते हैं। ऐसे में आप अपने बालों को धोने वक्त ज्यादा तेज ना रगड़े। इससे बाल कमजोर हो जाते हैं और तेजी से झड़ने लगते हैं। अगर आप हर रोज बाल धोते हैं, तो ये भी आपके बालों को कमजोर बनाता है।



# सर्दियों में खूब भायेगा मखमली कुरता, आजमा कर देखिए

फैशन




ठंड के इस मौसम में आम तौर पर कपड़ों को लेकर पुरुषों के पास तो ज्यादा ऑप्शन नहीं होते लेकिन महिलाएं बहुत सा विकल्प रखती हैं। इस मौसम में अगर आप भी कुछ ऐसा पहनने का सोच रहीं हैं, जिसे पहनकर आप खूबसूरत भी लगें और आपको ठंड भी ना लगे तो वेलवेट यानि मखमली सूट आपके लिए बेहतर विकल्प है।



**हरे रंग का कुर्ता:** हरा रंग पूजा में पहनने के लिए वैसे भी काफी शुभ माना जाता है। ऐसे में आप एक्ट्रेस प्रिया वॉरियर के जैसा मखमली कुर्ता अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। इस कुर्ते के साथ आप स्लीक स्टाइल में जूड़ा बना सकती हैं।

**लाल कुर्ता:** मखमली लाल कुर्ता प्लाजो के साथ अगर आप पहनेंगी तो आप कंफर्टेबल भी रहेंगी और आपका लुक भी काफी खूबसूरत दिखेगा। आप चाहें तो अभी से इसे तैयार करा सकती हैं।



**डीप पर्पल सूट:** आप चाहें तो डीप पर्पल रंग का मखमली फैब्रिक का सूट अपने लिए तैयार करा सकती हैं। ग्लैमरस लुक के लिए आप इस कुर्ते का गला आगे से थोड़ा डीप करा सकती हैं। इसकी स्लीव का डिजाइन भी अगर आप थोड़ा हटकर बनवाएंगी तो आपका लुक खूबसूरत दिखेगा।

**नई दुल्हन के लिए:** इस मौसम में आप मखमली अनारकली सूट अपने लिए तैयार करा सकती हैं। मखमली फैब्रिक में अनारकली सूट काफी खूबसूरत दिखता है।

**रॉयल लुक देगा रॉयल ब्लू:** अगर आप शाही लुक कैरी करना चाहती हैं तो रॉयल ब्लू रंग का सूट आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेगा। आप इसके साथ अलग रंग का दुपट्टा कैरी कर सकती हैं।

**मखमली प्लाजो कुर्ता:** हैवी वर्क वाला मखमली प्लाजो कुर्ता आपको खूबसूरत दिखने में मदद करता है। इसके साथ अपने बालों को खुला रखें और कानों में हैवी ईयररिंग्स पहनें।

# पंजाबी स्टाइल सलवार-सूट बनवाते समय रखें इन बातों का खास ख्याल,

रोजाना से लेकर पार्टी या शादी तक में हम सलवार सूट को पहनना पसंद करते हैं। इसके कई डिजाइंस आपको मार्केट में नजर आ जाएंगे। वहीं लोहड़ी का त्योहार आने वाला है और इस मौके पर खासकर पंजाबी स्टाइल के सलवार-सूट को पहना जाता है।

## सलवार सिलवाते समय रख इन बातों का खास ख्याल

आजकल सिंपल से सिंपल लुक में भी सलवार के लिए आपको इसके कई डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन सलवार बनवाने के लिए आपको इसकी लेंथ से लेकर बनवाई गई कलियों तक का खास ख्याल रखना जरूरी होता है ताकि आपकी बॉडी शेप परफेक्ट तरीके से डिफाइन हो सके। वहीं आप चौड़े पौंचे वाली सलवार बनवा सकते हैं। यह काफी चलन में आजकल नजर आ रही है।

सूट की लेंथ को वैसे तो पंजाबी स्टाइल में शॉर्ट ही रखा जाता है, लेकिन जरूरी नहीं है कि आप भी इसे बिल्कुल ही शॉर्ट बनवाये बल्कि आप सूट की लेंथ को अपनी बॉडी शेप के हिसाब से कस्टमाइज कर घुटने तक का भी बनवा सकती हैं और इसका घेरा भी आप अपनी वेस्ट के हिसाब से बड़ा या छोटा करवा सकती हैं।


## पंजाबी लुक को परफेक्ट बनाने के आसान टिप्स

पंजाबी लुक में खासकर पटियाला सलवार को पहनना पसंद किया जाता है।बालों के लिए आप परांदी की मदद लेकर ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। फ्रंट हेयर स्टाइलिंग के लिए आप अपने फेस शेप के हिसाब से ब्रेड को चुन सकती हैं। कानों में आप गोल बाली में कई तरीके के डिजाइंस को चुनें। इसके अलावा दुपट्टे में आप फुलकारी डिजाइन या किनारी लेस गोटा-पट्टी लगवा सकती हैं।



# कोट की असल लंबाई और फिटिंग होनी चाहिए कितनी? जानिए इन फैशन टिप्स के साथ

कोट पहनने का शौक आपको है और पार्टी वगैरह में तो आप बस सूट ही पहनते हैं तो आपको इसकी सही लेंथ और फिटिंग के बारे में भी पता होना चाहिए। ताकि कोट के साथ आपको परफेक्ट लुक मिल सके। दरअसल सूट अगर फिटिंग का न हो और इसकी लंबाई अगर ठीक न हो तो लुक बिगड़ सकता है।



## कॉलर से जांचिए लंबाई

कॉलर से भी ये पता लगाया जा सकता है कि कोट आपके लिए सही लेंथ और फिटिंग का है या नहीं। सूट की कॉलर शर्ट की कॉलर से ठीक पीछे होनी चाहिए। इसके साथ शर्ट का कॉलर भी ठीक गर्दन से लगा होना चाहिए। ये तीनों आपस में हल्के से टच होने चाहिए। अगर ये गैप ज्यादा है तो सूट फिटिंग का बिल्कुल नहीं है।

## सबसे पहले टाई पर हो ध्यान

कोट की सही लेंथ जानने और लुक में शामिल करने से पहले आपको अपनी टाई की लंबाई पर ध्यान देना होगा। इसकी लेंथ न ज्यादा छोटी और न ज्यादा बड़ी होनी चाहिए। टिप ये है कि टाई की लंबाई पैंट की बेल्ट तक होनी चाहिए।

## सूट लेंथ हो बैलेंस

सूट की लेंथ ऐसी होनी चाहिए कि आपकी ऊपरी और निचली बॉडी में बैलेंस दिखे। इसलिए सूट की जैकेट की लंबाई कमर से थोडा नीचे होनी चाहिए। अगर आपकी लंबाई 5'9" से ज्यादा है तो इसकी लेंथ थोड़ी और लम्बी भी हो सकती है।

## ओवेरकोट पहन रहे हैं तो

अगर आप ओवरकोट पहनना चाहते हैं तो इसकी लेंथ पर भी आपको ध्यान देना होगा। इसकी लंबाई हमेशा घुटनों से ऊपर होनी चहिए।

## अगर बाहें इतनी दिख रही हैं तो

आपके सूट की सही लंबाई नापने का एक तरीका और है। इसके लिए देखिए आपकी शर्ट कि बाहें सूट की बाहों से करीब आधे इंच दिख रही हैं या नहीं। अगर ये नहीं दिख रही हैं तो या तो जैकेट ज्यादा लंबी है या बांहें ज्यादा छोटी हैं।

## कार्नर न्यूज

### आज की नौजवान पीढ़ी भी खूब पसंद करती हैं उस दौर के टिप्स

# आज भी लड़कियों का दिल जीतने में उतने ही असरदार हैं तीन दशक पुराने डेटिंग टिप्स

*डेटिंग टिप्स समझते हैं तो फिर आप अपनी क्रश को दिल की बात क्यों नहीं कह देते। अपना दिल देने से पहले इतनी शर्माहट और घबराहट क्यों हो रही है? कहीं नए डेटिंग आइडिया या टिप्स के चक्कर में आप भी एक-एक दिन यूं ही न काट दें। अब नए-पुराने का चक्कर छोड़िए और असरदार डेटिंग टिप्स को अपनाकर देखिए। शायद इससे आपकी बात बन जाए। क्योंकि जब तक आप अपनी क्रश को स्पेशल फील नहीं करा देते तब तक वह आपकी ओर ध्यान नहीं दे सकती। अब दिल जीतने के लिए हम नए दौर में 90 के दशक के कुछ डेटिंग टिप्स जानते हैं। जिसके जरिए फिल्मों में हीरो-हीरोइन और दूसरे लोग अपने दिल की बातों को बयां किया करते थे।*



डेटिंग टिप्स आपकी पहली मुलाकात से लेकर हर अगली मुलाकात के अनुसार बदल भी सकते हैं। इसलिए आप अपनी सुविधानुसार इन टिप्स को फॉलो करें। अगर यह आपके रिश्ते के लिए सुविधानुसार नहीं लगे तो उसमें बदलाव भी कर सकते हैं।साथ ही कुछ कहने या लिखने के लिए मर्यादित भाषा का ही प्रयोग करें। कुल मिलाकर अपने दिल की बात कहने से पहले सोचे समझें और अपने विवेक का भी इस्तेमाल करें।

## लड़की को स्पेशल फील कराना क्यों जरूरी?

कई लड़कों को लगता है कि सिर्फ 'मैं तुमसे बहुत बहुत प्यार करता हूं', 'मैं तुम्हारे लिए कुछ भी कर सकता हूं...' कह देने से लड़की अपना मासूम दिल दे बैठेगी। मगर ऐसा नहीं होता है। क्योंकि प्यार एक खास अनुभव होता है, जो किसी खास के लिए ही होता है। इसलिए अपनी क्रश को स्पेशल फील कराना जरूरी है। इसके लिए गिफ्ट नहीं बस कुछ अल्फाज और अदकारी चाहिए।

## प्यार से देखें, घूरे नहीं


नब्बे के दशक की फिल्मों में विलेन और हीरो दोनों ही हीरोइन पर फिदा होते थे लेकिन खलनायक के देखने का अंदाज ही एक्ट्रेस को पसंद नहीं आता है। जबकि एक्टर सिर्फ नजर से ही दिल चुरा लेते थे। इसलिए आप भी अपनी क्रश को घूरने, ताड़ने की बजाय उसको प्यार भरी निगाह से देखें।

## व्हाट्सएप नहीं, खत पर लिखें दिल की बात

ऑनलाइन डेटिंग के दौर में एक साथ कई लोगों के मैसेज आते हैं। ऐसे में मिजाज खराब भी होता है। इसलिए आपको लीक से हटकर कुछ अलग करना होगा। ऐसे में ग्रीटिंग कार्ड या कोरे कागज पर कुछ प्यार भरी बातों को लिखकर भेजें। यकीनन इस वक्त में वह उस लड़की को पसंद आ सकता है। हां, वह आपका खत एकांत में पढ़ेगी, इसलिए मुमकिन है असर भी होगा।

## एक प्यार भरा गाना

नब्बे के दशक में हर प्रेमी-प्रेमिका की चाहत होती थी कि उनको चाहने वाले कोई प्यार भरा गाना डेडिकेट कर दे। वाकई गानों का असर तो होता ही है। दिल के हाल को बयां करने के लिए गानों से आसान व असरदार कोई तरीका नहीं हो सकता है। अगर आपको उसकी पसंद के गायक के बारे में पता हो तो फिर क्या कहने, यह आपके लिए सोने पर सुहागा साबित हो सकता है।





# करण जौहर ऐसे करवाते हैं अपनी फिल्में हिट...

**मुंबई।** करण जौहर का नाम बॉलीवुड के सबसे सफल निर्देशकों और निर्माताओं में शुमार है। 25 साल से अधिक समय से इंडस्ट्री में रहने के बाद उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं, जिनमें पिछले साल आई आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' भी शामिल है। अब करण ने खुलासा किया कि वह अपनी फिल्में हिट करने के लिए लोगों को पीआर के तौर पर भेजते हैं और फिल्म की तारीफ करने के लिए कहते हैं। एक साक्षात्कार में करण ने बताया, कई बार हम पीआर के तौर पर अपने लोगों को भेजते हैं और कहते हैं कि फिल्म की तारीफ करो। कभी-कभार आप अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रहे होते हैं।

लाइफ Style



# अदिति

## सिद्धार्थ के साथ रिश्ते पर लगाई मोहर

'रॉकस्टार' 'मर्डर 3', 'फितूर', और 'पद्मावत' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकीं अभिनेत्री अदिति राव हैदरी पिछले कुछ समय से निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। ऐसी चर्चा है कि अदिति साउथ के अभिनेता सिद्धार्थ को डेट कर रही हैं। दोनों को कई बार साथ में देखा जा चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब अदिति ने नए साल की शुरुआत में सिद्धार्थ संग अपने रिश्ते को सार्वजनिक कर दिया है। साथ ही उन्होंने अपने प्रशंसकों को नए साल की शुभकामनाएं दी हैं। सिद्धार्थ का पूरा नाम सिद्धार्थ सूर्यनारायण है और वह साउथ के जाने-माने अभिनेता हैं। वह कुछ हिंदी फिल्मों में काम कर चुके हैं। सिद्धार्थ अभिनेता होने के साथ एक निर्माता और गायक भी हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 2002 में आई फिल्म 'कन्नथिल मुथामित्तल' के जरिए की थी। 2006 में उन्होंने बॉलीवुड का रुख किया और 'रंग दे बसंती' में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई।

सिद्धार्थ और अदिति ने 2021 में आई फिल्म 'महा समुद्रम' में साथ काम किया है। अदिति ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वह सिद्धार्थ के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'सुखी, धन्यऔर आभारी। जादुई खुशी और हंसी के लिए आपका धन्यवाद। एक-दूसरे को प्यार करें। आप सभी को नए साल की शुभकामनाएं।' अब इस वक्त सिद्धार्थ सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन हुए हैं। हर शख्स उनके बारे में जानने के लिए बेताब है।

## हॉलीवुड मसाला




# दुर्घटना के बाद शुरू किया काम

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड एक्टर जेरेमी रेनर हादसे के तकरीबन एक साल बाद वापस काम पर लौट आए हैं। एवेंजर्स सीरीज की फिल्मों में सुपरहीरो हॉकआई का किरदार निभाने वाले जेरेमी जनवरी 2023 की शुरुआत में स्नो प्लोइंग करते हुए हादसे का शिकार हो गए थे। बर्फ हटाने वाले औजार से उनके सीने में चोट आई थी। बताया गया था उनकी 30 से ज्यादा हड्डियां भी टूटी थी। इस एक्सीडेंट के बाद जेरेमी की सर्जरी हुई थी। 52 साल के जेरेमी रेनर ने स्नो प्लो एक्सीडेंट के एक साल बाद 'मेयर ऑफ किंग्सटाउन सीजन 3' के काम को फिर से शुरू करने की पुष्टि कर दी है।




# पाउला ने लिथगो पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप...

**लॉस एंजिलस।** अमेरिका की मशहूर सिंगर पाउला अब्दुल ने ब्रिटिश टेलीविजन कार्यकारी निगेल लिथगो पर 'यौन उत्पीड़न' का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया है। नए मुकदमे के अनुसार, पाउला अब्दुल ने 'अमेरिकन आइडल' के पूर्व निर्माता निगेल लिथगो पर 2000 के दशक की शुरुआत में उनका यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है, जब वह रियलिटी प्रतियोगिता शो में जज थीं। पाउला का कहना है कि 'अमेरिकन आइडल' के शुरुआती सीजन के दौरान लिथगो ने एक लिफ्ट में उसका यौन उत्पीड़न किया था। कोर्ट के दस्तावेजों में कहा गया है कि पाउला अब्दुल ने उसे दूर धकेलने की कोशिश की और लिफ्ट के दरवाजे खुलते ही भाग गई थी। टीएमजेड के अनुसार, लिथोगो ने आरोपों से इनकार किया।



# 45 वर्ष की हुईं विद्या यह थी पहली फिल्म


**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री विद्या बालन 45 वर्ष की हो गईं। पहली जनवरी, 1979 को जन्मीं विद्या बालन बचपन के दिनों से ही अभिनेत्री बनने का ख्वाब देखा करती थीं। वर्ष 1995 में विद्या बालन को जीटीवी पर प्रसारित धारावाहिक हम पांच में काम करने का अवसर मिला। विद्या बालन ने फिल्मों में अपने करियर की शुरुआत वर्ष 2003 में प्रदर्शित बांग्ला फिल्म भालो थेको से की। विद्या ने बालीवुड में अपने करियर की शुरुआत वर्ष 2005 में प्रदर्शित विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म परिणीता से की। इस फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया। फिल्म में विद्या बालन के अपोजिट संजय दत्त थे। फिल्म टिकट खिडक़ी पर सुपरहिट साबित हुई।



# रणबीर व कोंकणा की फिल्म वेक अप सिड

**मुंबई।** साल 2009 में आई रणबीर कपूर की फिल्म 'वेक अप सिड' को दर्शकों ने काफी पसंद किया गया था। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। इसमें रणबीर की जोड़ी अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा के साथ बनी है, जिसे लोगों ने खूब प्यार दिया। अब खबर है कि रणबीर और कोंकणा की जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगी। दरअसल, दोनों ने लगभग 15 साल बाद एक फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा ये वीडियो सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें रणबीर कई क्रू सदस्यों के साथ एक स्क्रिप्ट पढ़ते नजर आ रहे हैं। सामने आए इस वीडियो में कोंकणा की भी झलक देखने को मिली।

## टीवी मसाला




# 'झलक दिखला जा' में रेसलर संगीता फोगाट का जलवा ...

**नई दिल्ली।** 'चिकनी चमेली' गाना श्रेया घोषाल ने गया है, जिसे कैटरीना कैफ पर फिल्माया गया है। यह गाना 2012 की एक्शन क्राइम फिल्म 'अग्निपथ' से है, जिसमें ऋतिक रोशन, प्रियंका चोपड़ा और संजय दत्त मुख्य भूमिकाओं में हैं। झलक दिखला जा के 'डांस का अखाड़ा' में जीत हासिल करने वाली टैलेंटेड संगीता फोगाट ने कोरियोग्राफर विवेक चाचेरे के साथ 'चिकनी चमेली' पर अपनी शानदार अदाओं से सभी को हैरान कर दिया। मलायका अरोड़ा ने संगीता के नए अवतार से प्रभावित होकर कहा, 'यह क्या प्रदर्शन था, आपने बहुत अच्छा डांस किया। मुझे वाकई मजा आया। मेरा मतलब है, जब आप डांस करते हैं, तो मेरे चेहरे से मुस्कान कभी नहीं जाती, मुझे वह पसंद है। तारीफों के पुल बांधते हुए अरशद ने कहा, 'आप बहुत प्यारी डांसर हैं, जब आप डांस करती हैं तो हम दंग रह जाते हैं। आपके अंदर की क्यूटनेस आपकी हरकतों से झलकती है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप इसे कैसे करते हैं, आप हमें बहुत प्यारी लगती हैं। उन्होंने आगे कहा, 'शानदार कोरियोग्राफी, विवेक आप यह बहुत अच्छा करते हो। आप जिस तरह से सेलिब्रिटी के स्वभाव और व्यक्तित्व के अनुरूप कोरियोग्राफी करते हैं, उसका एक अलग ही आनंद होता है। मुझे वाकई मजा आया।

## बिग बॉस से बेघर होने के बाद नील का बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली।** टीवी के जाने माने एक्टर नील भट्ट हाल ही में सलमान खान के पॉपुलर रियलिटी शो 'बिग बॉस 17' से बाहर हुए हैं। इस शो से



निकलते ही नील ने बिग बॉस के मोहल्ले में अपने सफर और अंकिता लोखंडे और विक्की जैन संग अपनी लड़ाई के बारे में खुलकर बात की। इस बातचीत के दौरान एक्टर ने टीवी की संस्कारी बहू अंकिता लोखंडे और विक्की जैन के रिश्ते से जुड़े कई चौंका देने वाले खुलासे भी कर डाले हैं। 'बिग बॉस' के घर में अंकिता लोखंडे और विक्की जैन अक्सर एक-दूसरे से लड़ते-झगड़ते नजर आते हैं। अंकिता के प्रति विक्की का व्यवहार सोशल मीडिया पर काफी लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। अब नील भट्ट के लेटेस्ट खुलासों से ये चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है।

# शाहरुख 2024 में भी करेंगे धमाका

**मुंबई।** अभिनेता शाहरुख खान के लिए साल 2023 काफी अच्छा रहा है। 'पठान' और 'जवान' के बाद किंग खान की पिछले साल की तीसरी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डंकी' भी दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाने में कामयाब रही। अब शाहरुख के प्रशंसक उनकी आगामी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ताजा खबर यह है कि शाहरुख इस महीने के अंत में अपनी 3 नई फिल्मों की घोषणा कर सकते हैं।



***ये हैं शाहरुख की आगामी फिल्में :*** शाहरुख, सलमान खान के साथ यशराज के स्पाई यूनिवर्स की फिल्म 'टाइगर वर्सेज पठान' लेकर आने वाले हैं, वहीं एलटी 'जवान 2' पर भी मुहर लगा चुके हैं। इसके अलावा वह अपनी बेटी और अभिनेत्री सुहाना खान के साथ भी बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। दोनों सुजॉय घोष के निर्देशन में बन रही थ्रिलर फिल्म 'किंग' का हिस्सा हैं। इसके एक्शन की जिम्मेदारी सिद्धार्थ आनंद को दी गई है। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होगी।

***लंदन में छुट्टियां मना रहे हैं शाहरुख :*** शाहरुख इस समय लंदन में अपने परिवार के साथ छुट्टियां मना रहे हैं। वहां से लौटने के बाद किंग खान अपनी आगामी फिल्मों का ऐलान कर सकते हैं। एक सूत्र ने बताया, शाहरुख इस बात से काफी खुश हैं कि उनका पिछला साल अच्छा गुजरा। उनकी कड़ी मेहनत रंग लाई। फिलहाल उन्हें किसी प्रोजेक्ट पर हस्ताक्षर करने की कोई जल्दी नहीं है। उनके पास कुछ स्क्रिप्ट हैं, लेकिन लंदन से आने के बाद वह उन्हें पढ़ेंगे।

# 'जॉली एलएलबी 3' होगी और ज्यादा मनोरंजक रिलीज समेत सामने आईं कई रोचक जानकारियां

**मुंबई।** सीक्वल फिल्मों को लेकर दर्शकों के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। आने वाले दिनों में बॉलीवुड की कई हिट और सुपरहिट फिल्मों के सीक्वल रिलीज होने वाले हैं। इस फेहरिस्त में 'जॉली एलएलबी' का नाम भी शामिल है। जब से 'जॉली एलएलबी 3' का ऐलान हुआ है, इसे लेकर प्रशंसकों का उत्साह चरम पर है। अब अक्षय कुमार और अरशद वारसी अभिनीत सीक्वल की शूटिंग समेत कई रोचक जानकारियां सामने आई हैं।

### मई में शुरू होने वाली है फिल्म की शूटिंग

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की पूरी टीम शूटिंग शुरू करने के लिए बेहद उत्साहित है।



फिलहाल इसके नाम को लेकर टीम कश्मकश में है। 'जॉली वर्सेज जॉली' और 'जॉली एलएलबी 3' में से किसी एक नाम पर मोहर लगनी है, जिस पर निर्णय जल्द ही जिया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल मई में फिल्म की शूटिंग शुरू होने वाली है। इस फिल्म का निर्माण अक्षय डिज्नी के साथ मिलकर अपने प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले कर रहे हैं। फिल्म 2025 में रिलीज होगी।

### पहले से ज्यादा मजेदार होगी फिल्म

रिपोर्ट में बताया गया है कि फिल्म की कहानी पिछले दोनों भागों से दिलचस्प होगी। हालांकि, पिछली 2 फिल्मों की तरह, यह भी भारतीय न्यायपालिका की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी, वहीं स्क्रिप्ट में मजेदार कॉमेडी का तड़का भी लगाया गया है। अक्षय और अरशद फिल्म में एक केस को लेकर एक-दूसरे के आमने-सामने होंगे। निर्देशक सुभाष कपूर ने बेहद शानदार कहानी तैयार की है, जो दर्शकों को सिनेमाघरों में सीट से उठने नहीं देंगे।

***असल जगहों पर होगी शूटिंग, किसका क्या किरदार :*** जानकारी मिली है कि फिल्म को सेट के साथ-साथ असल जगहों पर शूट करने की तैयारी चल रही है। सुभाष ने फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। फिलहाल वह शूटिंग के लिए जगहों का मुआयना कर रहे हैं। वह जयपुर में शूटिंग शुरू करने की सोच रहे हैं। जहां सौरभ शुक्ला फिल्म में बतौर जज वापसी करेंगे, वहीं अक्षय वकील जगीश्वर मिश्रा का किरदार निभा रहे हैं तो अरशद जगदीश त्यागी की भूमिका में वापसी करने वाले हैं।

## बिना गॉडफादर के अपनी जगह बनाने वाले पाटेकर ने मनाया 72वां जन्मदिन

# बचपन में क्रॉसिंग पर पोस्टर्स पेंटिंग करते थे नाना, अभिनय से मनवाया लोहा

*बॉलीवुड में वैसे तो बहुत से ऐसे अभिनेता हुए जिन्होंने बिना गॉडफादर के अपनी जगह बनाई और एक अलग मुकाम बनाया। उसी में से एक हैं 'वेलकम' फिल्म के 'उदय भाई' यानी नाना पाटेकर। नाना पाटेकर का बचपन बहुत ही आर्थिक तंगी में गुजरा। एक ऐसा भी दौर था जब वो 13 साल की उम्र में ही जेब्रा क्रॉसिंग पर पोस्टर पेंटिंग करके अपने घर का गुजारा चलाते थे। एक बेहतरीन कलाकार नाना पाटेकर ने 1 जनवरी को अपना 72वां जन्मदिन मनाया। नाना द्वारा फिल्मों में निभाए गए हर किरदार अपने आप में जीवित हो जाते हैं।*

**मुंबई।** नाना पाटेकर का जन्म महाराष्ट्र के मुरूड-जंजीरा में दिनकर पाटेकर और संजनाबाई पाटेकर के घर 1 जनवरी 1951 को हुआ था। नाना पाटेकर का पूरा नाम विश्वनाथ नाना पाटेकर है। नाना पाटेकर जब बहुत छोटे थे उसी समय उनके पिता की संपत्ति उनके परिवार के एक सदस्य ने हड़प ली जिसके वजह से उनका जीवन काफी अभाव और गरीबी में बीता था। जिसके वजह से काफी उम्र में ही काम करने लगे थे।



**स्मिता लाईं बॉलीवुड में, परिंदा से मिली पहचान :** 'गमन' फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखने वाले नाना पाटेकर को हिंदी सिनेमा में मशहूर अभिनेत्री स्मिता पाटिल ने लाया था। थिएटर करने के शौकीन नाना की एक्टिंग देखकर स्मिता काफी प्रभावित हुई थी जिसकी वजह से उन्होंने उनको रवि चोपड़ा से मुलाकात कराई। नाना को पहचान 'परिंदा' फिल्म से मिली। इस फिल्म में खलनायक की भूमिका नाना ने अदा की थी। जिसके लिए उनको सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला था।



### अपनी एक्टिंग और आवाज से दिलों में बनाई जगह

नाना पाटेकर की फिल्में सफल होने के बाद वो एक बाद एक फिल्में करते गए। हर फिल्मों में नाना कि एक्टिंग और उनकी आवाज दर्शकों को उनका दीवाना बना रही थी। तिरंगा में वाघले के रूप में वहीं क्रांतिवीर में प्रताप नारायण तिलक के रूप में। गुलाम-ए-मुस्तफा हो , अपहरण हो,अब तक छप्पन हो या राजनीति से लेकर सभी फिल्मों के किरदार लोगों के दिलों दिमाग में अपनी एक अलग पहचान रखते हैं।

## खबर संक्षेप

### 2068 पीएम आवास पूर्ण करने का लक्ष्य

**कटेली।** शासन स्तर से 20 जनवरी तक जनपद पंचायत सारंगढ़ को 2068 आवास पूर्ण करने का लक्ष्य मिला है। जिसकी तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान के निर्देशानुसार जनपद पंचायत सारंगढ़ सीईओ संजू पटेल के द्वारा ग्राम पंचायत कटेली, कोतमरा मे प्रधान मंत्री आवास योजनान्तर्गत अपूर्ण आवासो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जो आवास चालू नही हुई है उसे प्रारंभ करने, रूफ लेवल को छत ढलाई तथा छत ढलाई आवास को 3 दिन में प्लास्टर करने के लिए निर्देशित किया गया। सीईओ संजू पटेल द्वारा बताया गया की उनके द्वारा प्रतिदिवस 3 पंचायतों में अपूर्ण आवास का निरीक्षण किया जाएगा और जो भी हितग्राही दिए गए समय सीमा में आवास का कार्यपूर्ण नही करेंगे उनके ऊपर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आवास निरीक्षण में तकनीकी सहायक दिलीप साहू ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक उपस्थित थे।

### भजन मेला आयोजित करने की मांग

**कटेली।** सारंगढ़ जिला कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्धिकी ने ग्राम पंचायत लेंधरा छोटे में बड़े भजन मेला के बारे में चर्चा करने के लिए मेला समिति के अध्यक्ष व सभी सदस्य और ग्राम पंचायत सरपंच को बुलाया गया था। सारंगढ़ कलेक्टरेट ने सभा कक्ष मे मेला के विषय पर चर्चा किए और मेला मे होने वाले सभी प्रकार सुविधाओ के लिए सभी विभाग के कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा की मेला परिसर मे किसी भी प्रकार के असुविधा नहीं होने चाहिए। वही सभा कक्ष में अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय, एसडीएम वासु जैन, सरपंच पति संतोष टंडन, भाजपा नेत्रि देव कुमारी, शिवकुमारी चौहान और मेला समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्य उपस्थित थे।

### पार्षद ने जरुरतमंदों को बांटे कंबल

**रायगढ़।** घरघोड़ा नगर पंचायत के पार्षद नीरज शर्मा व उनका परिवार शुरू से समाजिक कार्यो में अग्रणी रहा है। इनके दादा स्व. हरद्वारीमल शर्मा घरघोड़ा नपं के प्रथम मनोनीत अध्यक्ष रहे है। पिता भी कांग्रेस के कई पदों पर रह चुके है। पूर्वजों के संस्कारो को जीवित रखने नीरज शर्मा व उनका परिवार समाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। पत्नी कविता शर्मा पूर्व न पं उपाध्यक्ष रह चुकी है। उन्होंने भी अपने सामाजिक संस्था के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य कर चुकी है। जिसके लिए कई स्तर में सम्मानित व पुरुस्कृत हो चुकी है। समाजिक कार्यों की फेहरिस्त में इन्होंने घरघोड़ा नप के अपने वार्डए सफाई कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों के साथ साथ ग्राम बगचबा जिसे इन्होंने अपनी प्रथम कर्मभूमि बताया इन सभी को मिलाकर 400 परिवारों को ठंड को देखते हुए अपनी माता श्रीमती रुकमणी देवी शर्मा के हाथों से कम्बलों का वितरण किया।

**पेज 1 का शेष**

### पीएम जनमन योजना ...

योजना के तहत प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। इन शिविरों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र सभी हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा लोगों को विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग हेतु संचालित योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में जनजाति बहुल क्षेत्र बगीचा के ग्राम लरंगापाठ, ग्राम बभनी, ग्राम बगडोल, महुआ में आयोजित शिविर में लोगों का सिकलसेल, एनसीडी जांच किया गया। वही मनोरा, कुनकुरी के कई ग्राम पंचायतों में भी सिकलसेल, एनसीडी जांच किया गया। साथ ही शिविर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र बनाया गया। अन्य ग्राम पंचायतों में पहाड़ी कोरवा, बिरहोर समुदाय के लोगों के बीच पहुंच कर अधिकारी-कर्मचारियों ने उनसे जानकारी ली। साथ ही उन्हें जनमन योजना की जानकारी दी गई। बताया गया कि योजना के तहत विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना और आयुष्मान कार्ड बनाने जैसी सुविधाएं लोगों को दी जा रही हैं। योजना के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रशासन द्वारा लोगों की समस्याओं से अवगत होकर उन्हें संबंधित योजनाओ के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही शिविर लगाकर योजनाओ का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

## पिकअप और कार की ट्रक से टक्कर, पेड़ से टकराई स्कार्पियो

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत, आधा दर्जन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

एक तरफ हिट एण्ड रन कानून को लेकर देशभर में ट्रक चालकों का विरोध प्रदर्शन हो रहा है तो दूसरी तरफ सड़क दुर्घटना में लोगों की जान जाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। बीते 24 घंटें में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों को जान जाने जबकि आधा दर्जन के घायल होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस सभी मामलों की विवेचना कर रही है एवं घायलों का इलाज जारी है।

पहली घटना सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला से सामने आई जहां बुधवार रात ट्रक और पिकअप की जबर्दस्त टक्कर होने से 2 युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं 3 घायलों को मेकाहारा रेफर किया गया है। सरकारी दुकान में शराब छोड़कर पिकअप वापस लौट रही थी और हादसे में चालक और उसके साथी की बलि चढ़ गई। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बरमकेला थानांतर्गत ग्राम संडा में बुधवार रात लगभग पौने 9 बजे उस समय सनसनी फैल गई जब ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनएच 1397 और पिकअप सीजी 13 एल 4560 मुख्य मार्ग में आपस में जा भिड़े।

बताया जाता है यह हादसा इतना जबर्दस्त था कि ट्रक की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त पिकअप चालक समेत उसमें सवार 5 लोग बुरी तरह जख्मी होकर उसके भीतर फंसे रहे। सूचना मिलने पर एसपी व एडिशनल एसपी मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकाल अस्पताल भेजा जहां डाक्टरी जांच में दो को मृत घोषित कर दिया गया जबकि अन्य का इलाज जारी है। मृतकों की पहचान रायगढ़ निवासी पिकअप चालक सोहन महानंद और उसके साथी अर्जुन यादव के तौर पर हुई है तो घायलों में रितिक, संतोष और अजय शामिल हैं। पांचों युवक पिकअप में शराब लेकर बरमकेला गए थे। सरकारी शराब दुकान में माल खाली कर वापसी के दौरान सण्डा के पास ट्रक से उनकी दुर्घटना हो गई। बहरहाल, बरमकेला पुलिस इस हादसे की जांच पड़ताल में जुटी है।



पिकअप और ट्रक की टक्कर के बाद दोनों वाहन क्षतिग्रस्त।

### बाइक की कार से टक्कर, तीन जख्मी

रायगढ़-धरमजयगढ़ नेशनल हाईवे में अल्टो कार और बाईक के आमने-सामने टकराने से एक ही परिवार के 3 सदस्य घायल हो गए। यह हादसा घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ग्राम कुर्मीभौना में रहने वाला करम सिंह माझी आत्मज सुंदर सिंह 30 साल अपने भतीजे विद्याचरण 18 वर्ष और रतन माझी 30 साल के साथ प्लेटिना मोटर सायकिल क्रमांक सीजी 13 एयू 0594 से घरघोड़ा गया था। काम निपटने के बाद शाम लगभग 4 बजे बाईक सवार तीनों युवक घर वापसी के लिए धरमजयगढ़ मुख्य मार्ग स्थित टेरम तालाब के पहुंचे थे। इस दौरान बिजारी की तरफ से अपेक्षाकृत तेज रफ्तार से आ रही सफेद रंग की अल्टो कार क्रमांक सीजी 13 एडब्ल्यू 3393 के लापरवाह चालक ने उनको ठोक दिया। बेकाबू कार की गिरफ्त में आने से मोटर सायकल सहित गिरने से उसमें सवार तीनों चोटिल हो गए। बताया जाता है कि बाईक चालक रतन के दाएं हाथ पांव, विद्याचरण के दाहिने पैरए करम के दाएं पांव जख्मी हुआ। राहगीरों ने 112 नंबर डायल कर हादसे की सूचना दी तो एम्बुलेंस से उनको नजदीकी अस्पताल ले जाकर इलाज कराया गया। बहरहाल करम सिंह के चाचा हेमलाल माझी की रिपोर्ट पर घरघोड़ा पुलिस ने आरोपी कार चालक के विरुद्ध धारा 279,337 के तहत आपराधिक प्रकरण कायम किया है।

### पेड़ से टकराया फोर व्हीलर, एक की मौत

धान बेचने के लिए निकले एक किसान की स्कॉर्पियो अचानक रोड किनारे पेड़ से इस कदर भिड़ी कि मौके पर ही उसकी जिंदगी खत्म हो गई। बेलगाम रफ्तार के कहर से घर के मुखिया की मौत का यह मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। घटना की विवेचना कर रहे प्रधान आरक्षक जय चंद्रा ने बताया कि ग्राम बीरसिंघा में रहने वाला चैतराम सिदार आत्मज स्व. गुलाब सिंह सिदार 42 वर्ष खेती किसानी करता था। संपन्न किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाला चैतराम बुधवार पूर्वान्ह लगभग 11 बजे घर से स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 13 एएस 7392 लेकर धान बिक्री करने के सिलसिले में बैस्कीमुड़ा जाने निकला था। स्कॉर्पियो चलाते हुए चैतराम ग्राम मुकडेगा और ढोर्रोबीजा मार्ग के बीच मोड़ के करीब पहुंचा था। इस दौरान गाड़ी की रफ्तार अपेक्षाकृत अधिक होने के कारण वह नियंत्रण खो बैठा। किसान जब तक बेकाबू स्कॉर्पियो को नियंत्रित करताए इसके पहले वह लहराते हुई सड़क किनारे महुआ पेड़ से जा टकराई। नतीजतन क्षतिग्रस्त चार पहिया वाहन के अंदर गले में चोट लगते ही जीवन और मृत्यु के बीच चन्द सांसें गिनने वाले चैतराम के मौके पर ही प्राण पखेरू उड़ गए। राहगीरों द्वारा घटना की सूचना थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज को देने पर एम्बुलेंस से चैतराम को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी ले जाया गयाए जहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक परीक्षण में ही उसे मृत घोषित कर दिया।



## शासकीय विभागों की वेबसाइट अब तक नहीं हुई अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़




एक तरफ छत्तीसगढ़ शासन अपने सारे कार्यालयों को आधुनिक और ऑनलाइन करने के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रहा है वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक उदासीनता के कारण विभिन्न विभागों की वेबसाइट आधी अधूरी पड़ी है। किसी में 3 वर्ष तो किसी में 2 वर्ष से कोई अपडेट नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण आम नागरिकों को वापस उसी ढर्रे में शासकीय कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

कहने को तो नगर एवं ग्राम निवेश नगर निगम, राजस्व न्यायालय, नजूल विभाग, रिकॉर्ड रूम, तहसील, पंजीयक सहित विभिन्न विभाग सभी ने वेबसाइट बना कर रखी हैं पर उसमें अपडेट नहीं होते। या फिर अधिकारी और कर्मचारी उसे अपडेट करना ही नहीं चाहते क्योंकि उससे ही उनकी रोजी रोटी और रुतबा दोनों कायम राहत है।

पीड़ित पक्षकार जितना अधिक शासकीय कार्यालयों के चक्कर काटेगा उतना ही अधिक पैसा भी बांटेगा।भ्रष्टाचार को खत्म करना है तो सभी विभाग अपनी सारी जानकारी न केवल सार्वजनिक करें बल्कि उससे अद्यतन करते रहे तभी पारदर्शिता आएगी और आम नागरिक को सुविधा प्राप्त होगी। आज छोटे से छोटा कर्मचारी भी अपनी सीट पर बैठने के बाद वो वहाँ का मालिक होता है ना तो आप उससे बहस कर सकते हैं और ना ही उससे कुछ पूछताछ कर सकते हैं। छतीसगढ़ की भाजपा सरकार को चाहिए कि सबसे पहले सारी वेबसाइट अपडेट करने के निर्देश सभी विभागों को जारी कर दिए जाएं ताकि सारे अपडेट्स लोगों को दिखने लगे। तारीख पर तारीख हर जगह है ऊपर के अधिकारी कितने भी निर्देश जारी कर दें परंतु होगा वही जो नीचे का कर्मचारी चाहेगा। प्रदेश चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन ने रायगढ़ विधायक एवं केबिनेट मंत्री ओ पी चौधरी से निवेदन किया है कि वे सभी शासकीय कार्यालयों को निर्देशित करें कि वह अपनी वेबसाइट को अपडेट करें जिससे न केवल अद्यतन जानकारियां आम जनता तक पहुंच पाए बल्कि आम जनता के लिए शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं की जानकारी मिल सके। वही कार्यालयों में काम करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मोबाइल नंबर भी उसी साइट में अपडेट करें तो लोगों को उनसे संपर्क करने में आसानी होगी। वर्तमान में जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मोबाइल नंबर और लैंडलाइन नंबर डाले गए है वे या तो बंद रहते हैं या फिर उन्हें उठाया नहीं जाता और कई अधिकारी तो स्थानांतरित हो कर जा चुके हैं। चेंबर ने इसे बडी प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए यथाशीघ्र वेबसाइड को अपडेट करने की आवश्यकता व्यक्त की है।

## 83 बिरहोरों का बना जाति प्रमाण पत्र



**रायगढ़।** पीएम जनमन के तहत छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजातियों को शिविर के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिलाने की पहल की गई है। योजना के तहत लोगों के घरों तक पहुंचकर उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। विभिन्न विभागों के अधिकारी और प्रशासनिक अमला विशेष पिछड़ी जनजातियों के पंचायत, बसाहट, टोला और पारा तक पहुंच कर सहज तरीके से लोगों के बीच योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। शिविर में विशेष पिछड़ी जनजातियों को मुख्य धारा से जोडऩे के लिए भारत सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसमें नवीन आधार कार्ड निर्माण, आयुष्मान कार्ड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, जाति प्रमाण पत्र जारी करना, वन अधिकार पट्टा वितरण आदि शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को इन विशेष पिछड़ी जनजातियों के द्वार तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचयत धरमजयगढ़ अंतर्गत विकासखण्ड के कुम्हीचुवां, दर्रीडीह, सिवार, ढोढागांव, रायमेर, नकना, खम्हार, सोहनपुर, खर्रा, कीदा, कटाईपाली डीए जबगा, रूंवाफूल, ओंगना, जमरगा व जमरगीडी ग्राम पंचायतों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय पंचायतों में शिविर लग रहे है।

### संदिग्ध हालत में ग्रामीण की मौत

**रायगढ़।** ग्रामीण बेड से गिरकर घायल हो गया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई है। घटना की सूचना पर पुलिस विवेचना में हुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिला के चंद्रपुर निवासी मुनी यादव पिता रामेश्वर यादव 53 वर्ष विगत 29 दिसंबर को रात में अपने कमरे में सोया थाए इस दौरान उसने बेड से गिर गया, जिससे उसके सिर व अन्य जगह गंभीर चोट लगने के कारण परिजन उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गए, लेकिन चोट गंभीर होने के कारण डाक्टरों ने रायगढ़ रेफर कर दियाए जिससे मेडिकल कालेज अस्पताल में उपचार चल रहा था।

## शहीद त्रिपाठी के पिता ने सीएम को दिया प्रतिमा अनावरण का आमंत्रण

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राज्य अतिथि गृह पहुना में शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के पिता सुभाष त्रिपाठी ने सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने बताया कि शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की प्रतिमा रायगढ़ में शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम के सामने स्थापित की गई है। साथ ही स्मृति पट भी स्थापित की गई है।

श्री त्रिपाठी ने प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने मुख्यमंत्री को निमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि रायगढ़ जिले के वीर सपूत शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी ने देश की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया है। उनकी शहादत हमेशा हमारा मार्गदर्शन करेगी। उनकी प्रतिमा अनावरण के अवसर पर उपस्थित होना मेरे लिए गौरव की बात होगी। उल्लेखनीय है कि कर्नल त्रिपाठी ने वर्ष 2003 में कुमाऊं रेजीमेंट में कमीशन लिया था। वे सियाचिन, कुपवाड़ा, नौशेरा, कांगो, मथुरा, वेलिंगटन आदि विभिन्न पदस्थापना में कार्यरत रहे। 13 नवंबर 2021 को म्यांमार सीमा से लगे बिहांग में अलगाववादी समूहों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में अपने जवानों को बचाते हुए अंतिम गोली तक मुकाबला करते हुए अपनी पत्नी अनुजा एवं बेटे अबीर के साथ वीरगति को प्राप्त हुए।



## जनचौपाल लगाकर पुलिस कर रही कानून के प्रति जागरुक

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के मार्गदर्शन पर आमजन में कानून के प्रति जागरूकता लाने और साइबर अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से पुलिस जन चौपाल लगाकर कानूनी जानकारी दी जा रही है। साथ ही अवैध शराब के खिलाफ पुलिस के साथ मिलकर मुहिम चलाने प्रेरित किया जा रहा है जिससे गांव में अवैध शराब की बिक्री और निर्माण पर अंकुश लगाया जा सके। इसी कड़ी में बुधवार को थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर के नेतृत्व में ग्राम पण्डरीपानी पूर्व में पुलिस जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को महिला एवं नाबालिगों से संबंधित अपराध, साइबर अपराधों के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया।

## जिंदल आदर्श भारती में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव

**रायगढ़।** जिंदल आदर्श भारती स्कूल किरोडीमलनगर में वार्षिक क्रीडाउत्सव विजयी भवः का शानदार आयोजन किया गया। 1477 छात्र-छात्राओं नें हाऊस वाईज प्रतिस्पर्धा में अपने जौहर दिखाए। खेलों में एथलेटिक्स, व्हाली बाल, हेण्ड बाल, क्रिकेट, कबड्डी, बेडमिंटन, बास्केटबाल, एवं खो-खो का वर्गवार प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गई। इस दौरान 44 श्रेष्ठ खिलाड़ियों को धरमजयगढ़ के सब डिविजनल पुलिस आफिसर दीपक मिश्रा के द्वारा श्विजयी भवः एवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रतिस्पर्धा के समापन समारोह में मुख्य अतिथि दीपक मिश्रा एसडीओपी धर्मजयगढ ने छात्र - छात्राओं व प्रतिभागी खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों को शिक्षा का अनिवार्य अंग माना जाता है। खेलों में नियमित रूप से भाग लेने वालेव्यक्ति में यह शारीरिक और मानसिक तदंरूस्ती आताहै। खेल बहुत ही अच्छी शारीरिक गतिविधि है जो तनाव और चिन्ता से मुक्ति प्रदान करती है। यह खिलाडियों के लिए अच्छा भविष्य और पेशेवर जीवन का क्षेत्र प्रदान करताहै।

## चुरेला में गुरु घासीदास जयंती समारोह

**कटेली।** ग्राम चुरेला छिंद में भव्य पांच दिवसीय गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें श्रीमती उत्तरी जांगड़े शामिल हुई और जैतखाम में मत्था टेक सभी के लिए मंगल कामना करते हुए आशीर्वाद ली। उल्लेखनीय हो कि दिसंबर माह को गुरु पर्व के रूप में मनाया जाता है और गांव गांव में गुरु घासीदास जयंती समारोह आयोजित की जाती है और पूरा समाज इकट्ठा होकर बाबा गुरुघासीदास की सेवा में लगे रहते हैं। जयंती समारोह के अवसर पर कार्यक्रम में पहुंची विधायक उत्तरी जांगड़े ने संबोधित करते हुए सर्वप्रथम ग्राम वासियों का दोबारा विधायक बनाने के लिए आभार प्रकट किया और कहा कि आप सबके आशीर्वाद से मुझे दोबारा सेवा करने मौका मिला है जिसे मैं कभी भूल नही पाऊंगी। बाबा गुरुघासीदास से प्रार्थना करती हूं कि सभी की मनोकामना पूर्ण हो।

## काले वस्त्र में अश्व पर आएंगी मकर संक्रांति, 15 को पर्व



**रायगढ़।** सूर्य के उत्तरायण होने का पर्व मकर संक्रांति इस बार 14 के बजाय 15 जनवरी को मनाया जाएगा। कई साल बाद एक बार फिर तारीख बदल रही है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर ही इसका पुण्यकाल माना जाता है, इसलिए इस बार संक्रांति एक दिन बाद मनाई जाएगी।

ज्योतिषाचार्य जनार्दन शुक्ला ने बताया मकर संक्रांति 14 जनवरी को ही रहेगीए लेकिन इसका पुण्य काल 15 जनवरी को सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के बाद ही होगा। सूर्यदेव 15 जनवरी को सुबह 9ण्23 बजे मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इसके साथ ही संक्रांति का पुण्यकाल शुरू होगाए जो कि शाम 5ण्20 बजे तक रहेगा। इस दौरान स्नान दान करना पुण्यदायी होगा। मकर संक्रांति के दिन दान पुण्य का महत्व है। इस दिन तिल, जूते, अन्न, वस्त्र, कम्बल आदि का दान करने का विधान है। दान से शनिदेव की कृपा और सूर्यदेव का आशीर्वाद प्राप्त होता है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार संक्रांति को किया गया दान सीधे भगवान को अर्पित माना जाता है। संक्रांति अश्व पर दक्षिण दिशा से आएंगी और उत्तर की ओर गमन करेंगी। वे काले वस्त्र और स्वर्ण आभूषण से सुसज्जित होंगी। साथ ही हाथों में हरे पत्तों का पात्र लिए रहेंगी। ये रूप दक्षिण भारत में सुख समृद्धि का कारक रहेगाए वहीं उत्तर दिशा के प्रदेशों में महंगे अनाज व कम उपज का कारण भी बनेगा। मकर संक्रांति को लेकर ऐसा भी कहा जाता है कि इसी दिन महाभारत की लड़ाई में अर्जुन के बाणों से घायल भीष्म पितामह ने अपने प्राण त्यागे थे। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि सूर्य के उत्तरायण होने से मोक्ष मार्ग प्रशस्त होता है। इसी दिन गंगा समेत पवित्र नदियों में स्नान करने से पापों का क्षरण हो जाता है।

## रिटायर्ड कर्मी के घर से 6 लाख का माल ले उड़े चोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

इलाज कराने भिलाई गए कोसा विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी के सूने घर मे धावा बोलते हुए अज्ञात चोरों द्वारा सोने.चांदी के आभूषण और कैश समेत 5 लाख 60 हजार का माल उड़ा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। नगर कोतवाल ने डॉग स्क्वॉड के साथ घटना स्थल का जायजा लियाए लेकिन मुल्जिम का कोई सुराग हाथ नहीं लगा। शहर के चांदनी चौक युवराज हटरी में रहने वाले ज्योतिशंकर थवाईत कोसा विभाग ;हथकरघाद्ध में सहायक निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे। सेवानिवृत्ति के बाद ज्योतिशंकर की तबियत खराब होने के कारण उनके इलाज के लिए थवाईत परिवार बीते 20 नवंबर से भिलाई में थे। ज्योतिशंकर की पत्नी श्रीमती उमा थवाईत ने घर के पास रहने वाली ननद गीता थवाईत के पास मकान के मुख्य द्वार में लगे ताले की चाबी छोड़ रखी थीए ताकि वो तुलसी पौधे और गमलों में पानी दे सके।

## रायगढ़ के 7 एवं लैलूंगा के 3 अभ्यर्थियों को नोटिस

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने विधानसभा क्षेत्र रायगढ़ के 7 एवं विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा के 3 अभ्यर्थियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अनुदेश का उल्लंघन करते हुए निर्वाचन के दौरान प्रचार कार्य में 10 हजार रुपए से अधिक नगद भुगतान के मामले को लेकर नोटिस जारी किया है। निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 10 क के अधीन निरर्हित घोषित किए जाने का प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16 रायगढ़ से आम आदमी पार्टी के अभ्यर्थी गोपाल बापोडिय़ा, बहुजन समाज पार्टी के श्रीमती पुष्पलता टण्डन, हमर राज पार्टी से भवानी सिंह सिदार, निर्दलीय सुरेन्द्र सिदार, निर्दलीय इबरार अहमद, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे से मधुबाई, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से सुनील मिंज तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक.15 लैलूंगा भारतीय जनता पार्टी से श्रीमती सुनीति सत्यानंद राठिया, निर्दलीय महेन्द्र सिदार एवं निर्दलीय भजन सिदार को नोटिस जारी किया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।